PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	22/06/24
PAGE :	4

पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

Date : 22.06.2024 Page : 04

ईडीआईआई का 23 वां दीक्षांत समारोह

आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हबः चौहान

अहमदाबाद @ पत्रिका. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, चौथा सबसे बड़ा पूंजी बाजार और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप हब है। ऐसे में आने वाले वाले समय में ढेरों अवसर युवाओं का इंतजार कर रहे हैं।

वे हाल ही में आयोजित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के 23वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे।

चौहान ने कहा कि उद्यमिता का तात्पर्य सिर्फ कारोबार शुरू करने और इसका संचालन करने से ही नहीं है। यह ऐसी सोच को अपनाने के बारे में है, जो चुनौतियों का सामना करे, मूल्यों एवं रचनात्कता को महत्व दे और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार उद्यमिता, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगी। उन्होंने स्नातक छात्रों को सलाह दी कि उन्हें अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने चाहिए और बदलते रूझानों के साथ हमेशा तैयार रहना चाहिए।

समारोह में 78 छात्रों को डिप्लोमा और फैलो से सम्मानित किया गया। इनमें से 74 छात्रों को पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा और 4 को फैलो दिया गया।

ईडीआईआई के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि संस्थान ने सफलतापूर्वक विश्वस्तरीय उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप सिस्टम बनाया है। संस्थान उद्यमिता को प्राथमिकता देने में अग्रणी रहा है।

सस्थान के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने बीते 4 दशकों के दौरान उद्यमिता को बढ़ावा देने में संस्थान के प्रयासों पर रोशनी डालते हुए कहा कि 'भारतीय उद्यमिता संस्थान ने उद्यमिता, अनुसंधान एवं पॉलिसी एडवोकेसी, इनोवेशन्स, कौशल, एसएमई के विकास, आजीविका और इन्क्यूबेशन को बढ़ावा देने का कार्य किया है। सरकारी मंत्रालयों, राज्य सरकारों, विकास एवं बहु-आयामी एजेंसियों तथा जाने-माने कॉर्पोरेट्स के सहयोग से परियोजनाओं को लागू कर कौशल में सुधार, उद्यमों की स्थापना, राजस्व सृजन एवं रोज़गार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।